तापमान
अधिकतम 26.7 डिग्री
न्यूनतम 8.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 13 फरवरी 2025

11 संत शिरोमणी गुरु रविदास ने समाज को दिखाई ...

12 गुरु रविदास की शिक्षाओं का पालन करें


## खबर संक्षेप

### पानीपतः मादक पदार्थ तस्कर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने दो नशा तस्करों कर्ण पुत्र श्याम निवासी खेल बाजार कलंदर चौक व मोहन उर्फ शिव पुत्र रमेश निवासी विजय नगर देवी मंदिर रोड, पानीपत को 12.55 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना किला में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया और कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया है।

### हुकटा ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा हुकटा के प्रतिनिधि मंडल ने पानीपत में शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा से मिलकर सेवा सुरक्षा की कार्यवाही की रिपोर्ट को जल्द से जल्द जमा करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में डॉ.मनीता ने शिक्षा मंत्री को अपने समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर इनके हल की अपील की। इधर, मंत्री ढांडा ने कहा कि उन्होंने 19 फरवरी को उच्च अधिकारियों की मीटिंग बुला ली है ताकि इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही कर आप सभी को सेवा सुरक्षा दी जा सकें। अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### निगम बजट तैयार कर पोर्टल पर करे अपलोड

**यमुनानगर।** वित्त वर्ष 2024-25 के नगर निगम बजट को लेकर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बुधवार को अपने कार्यालय में निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से सालभर का लेखा जोखा जाना और उन्हें जल्द से जल्द निगम का बजट तैयार कर उसे पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2024-25 के नगर निकाय के बजट को लेकर शहरी स्थानीय निकाय के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका के आयुक्तों, सचिव व अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की और उन्हें बजट तैयार करने के निर्देश दिए।

### गोली लगने से घायल युवक की हालत गंभीर

**यमुनानगर।** शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र में बीती देर शाम एक युवक को गोली मारकर घायल करने के बाद स्वयं भी गोली मारकर खुदकुशी करने वाले आरोपी के शव को बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामला रंजिश का बताया जा रहा है। फिलहाल आरोपी द्वारा गोली मारकर घायल करने वाले युवक का उपचार फोरटीज अस्पताल चंडीगढ़ में उपचार चल रहा है और उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### यूपी से क्रेटा में आया, दो टुकड़ों में लाश मिली

# गर्लफ्रेंड की मौत से परेशान युवक नीलोखेड़ी स्टेशन पर ट्रेन के आगे लेटा

- पर्ची पर लिखा-गर्लफ्रेंड नहीं रही, अब जीने का क्या फायदा
- मेरी क्रेटा गाड़ी और मोबाइल घर पहुंचा देना, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी

**शव को कब्जे लेती पुलिस एवं क्रेटा गाड़ी**



करनाल। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस। फोटोः हरिभूमि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान अजय शर्मा के रूप में हुई है, जो मेरठ का रहने वाला था और ग्रेटर नोएडा में जॉब करता था। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें उसने लिखा है कि मेरी गर्लफ्रेंड ने सुसाइड कर लिया था।जिससे आहत होकर मैं भी सुसाइड कर रहा हूं। मेरी कार को मेरे घर तक पहुंचा देना। घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी हाउस में भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।पुलिस के मुताबिक, अजय अपनी गर्ल फ्रेंड के सुसाइड की वजह से परेशान था। वह बुधवार को अपनी क्रेटा गाड़ी में नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। उसने स्टेशन के बाहर ही अपनी क्रेटा गाड़ी को खड़ा कर दिया था। जिसके बाद वह स्टेशन के अंदर पहुंचा। वहीं पर पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी, उसके अंदर से होता हुआ है, वह दूसरे ट्रैक पर पहुंच गया और वहां पर तेज रफ्तार ट्रेन के आगे कूद गया। ट्रेन की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन इंचार्ज कमल ने बताया कि सुसाइड नोट में इतनी ही बात लिखी हुई है कि मेरी गर्लफ्रेंड ने सुसाइड कर लिया है। जिसकी वजह से मैं परेशान हूं और मैंने सुसाइड कर लिया है। मेरी गाड़ी और मोबाइल घर पहुंचा देना। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कुरुक्षेत्रः पत्नी से तंग आकर पति ने की आत्महत्या

**पुलिस ने मृतक के भाई निर्मल की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू की**

**कुरुक्षेत्र।** जिला के एक गांव में पति ने अपनी पत्नी से तंग आकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पहचान जोगिंद्र सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक के भाई निर्मल सिंह की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। निर्मल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई जोगिन्द्र सिंह की शादी पूजा के साथ करीब 12 साल पहले हुई थी। जोगिंद्र सिंह के पास एक 10 साल का लड़का व एक 8 साल की लड़की है। उसकी भाभी पूजा के परिवार के ही एक युवक अमित के साथ अवैध संबंध थे। पूजा पहले भी कई बार जोगिन्द्र सिंह के साथ मारपीट करके अपने बच्चो सहित अपने प्रेमी अमित कुमार के पास चली जाती थी जो बीच मे जब हमने अमित कुमार को समझाने की कौशिश की तो अमित कुमार हमे भी देख लेने की धमकी देता रहा। पूजा अपने मोबाइल फोन से अपने प्रेमी अमित कुमार से बात करती हुई मेरे भाई जोगिन्द्र सिंह द्वारा पकडी गई तो पूजा हमारे द्वारा समझाने पर एकदम भड़क गई और दोनों बच्चों सहित अमित कुमार के पास चली गई। भाभी व बच्चों के चले जाने के कारण शर्मदिगी के कारण व समाज में बेइज्जती होने के कारण उसके भाई जोगिंद्र ने कमरे में लगे छत वाले पंखा पर कपड़े का फंदा लगाकर फांसी ले ली। पुलिस मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



कुरुक्षेत्र। गांव मोरथला में रविदास जयंती के मौके पर बिजली की तारों से टकराया हुए निशान साहिब का दृश्य। फोटोः हरिभूमि

# निशान साहिब बिजली के तारों से टकराया, करंट से व्यक्ति की मौत

- गांव मोरथला में गुरु रविदास जयंती के मौके पर पूजा अर्चना के दौरान हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गांव मोरथला में गुरु रविदास जयंती के मौके पर पूजा अर्चना करने उपंरात जैसे ही निशान साहिब को स्थापित करने लगे तो उसकी वक्त अचानक निशान साहिब उपर से गुजर रही बिजली की तारों से टकरा गया। इस वजह से निशान साहिब में करंट आ गया और करंट आने की वजह से चार लोग इसकी चपेट में आ गए थे। मिली जानकारी के अनुसार गांव मोरथला निवासी 34 वर्षीय तेजपाल की मौत हो गई है और अन्य घायलों का कुरुक्षेत्र के निजी हस्पताल में इलाज चल रहा है। जैसे ही गांव में तेजपाल की मौत का समाचार मिला तो गांव में मातम छा गया।

रविदास जंयती के मौके पर गांव मोरथला में एक व्यक्ति की मौत के बाद मातम छा गया। मृतक तेजपाल तीन लड़कियां व एक लड़का जो डेढ़ वर्ष का है।

# बाइक चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद कर ली हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरु कर दी है। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के लिए सभरवाल अस्पताल के नजदीक घूम रहे हैं।





### प्रतिबंधित पॉलिथीन बेचने पर पांच दुकानदारों के काटे चालान

**यमुनानगर।** सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों पर नगर निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने जोन एक में जगाधरी में छोटी लाइन व रेस्ट हाउस रोड पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पांच दुकानदारों के पास से काफी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद की गई। जिस पर टीम द्वारा पांचों दुकानदारों के मौके पर चालान किए गए और उनसे 2500 रुपये जुर्माना राशि वसूली।

# विश्व के हर देश का व्यापारी पहुंचता है गल्फ फूड मेले में: रविन्द्र सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

दुबई में 17 से 21 फरवरी तक लगने वाले गल्फ फूड मेले को लेकर इस शहर का चावल व्यापारी अपनी तैयारी कर रहे है। गौरतलब है कि दुबई में हर वर्ष गल्फ फूडस मेले के नाम से एक मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें पूरे विश्व के चावल व्यापारियों को अपनी अपनी चावल की मिलों में तैयार होने वाले खाद्य उत्पादों को वहां पर दिखाने का एक सुनहरा अवसर मिलता है। इस मेले



गल्फ फूड मेले की जानकारी देते रविन्द्र, संजय व महेश सिंगला।

का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा किया जाता है तथा दुबई के वल्उर् ट्रेड सेंटर में उक्त मेले का आयोजन होता है। इस मामले को लेकर श्रीराम ग्रुप के सीएमडी लाला साधूराम सिंगला से बात की तो उनका कहना था कि इस मेले में व्यापारियों को अपना स्टॉल लगाने के लिए वहां की सरकार से पहले मंजूरी लेनी पड़ती है तथा स्टॉल लगाने के लिए व्यापारियों को लाखों रुपए वहां की सरकार के पास फीस के रूप में जमा भी करवाने पड़ते है। मेले में स्टॉल के लिए जगह मिल पाती है। एक स्टॉल लगाने पर एक व्यापारी का 30 से 50 लाख रुपए का खर्च आता है।

**नगर योजनाकार की अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट नहीं खरीदने की हिदायत**

# अनाधिकृत कॉलोनी में निर्माण कार्य पर चला पीला पंजा, निर्माण कार्य ध्वस्त

- मुस्फाबाद के सबलपुर में राजस्व सपंदा में 4.4 एकड़ में अनाधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अनाधिकृत कॉलोनी में किए जा रहे निर्माण कार्य को जिला नगर योजनाकार की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से ढहा दिया। मौके पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों को अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की पूंजी निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मुस्फाबाद के सबलपुर में राजस्व सपंदा में 4.4 एकड़ में एक अनाधिकृत कॉलोनी में निर्माण कार्य करके कॉलोनी को विकसित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया। जिसके बाद क्षेत्र के तहसीलदार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया और उनकी मौजूदगी में जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीनी की मदद से वहां किए जा रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। पहले विभाग की ओर से चूककर्ताओं को कंट्रोल एरिया एक्ट नंबर12 की उपधारा 2 ऑफ 1963 व अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे।



यमुनानगर। सबलपुर में अनाधिकृत कॉलोनी में निर्माण कार्य को ढहाते हुए जेसीबी मशीन। फोटोः हरिभूमि

**अनाधिकृत कॉलोनियों में न करें निवेश**

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलावासियों से अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट आदि खरीदने में अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी का निवेश ना करे। उन्होंने कहा कि प्लॉट आदि खरीदने से पहले जिला नगर योजनाकार विभाग के कार्यालय से संपर्क करके जांच पड़ताल कर लें कि वह जहां पर प्लॉट आदि खरीद रहा है वह अनाधिकृत कॉलोनी तो नहीं है।

### कुरुक्षेत्रः पैदल चल रहे युवक को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**कुरुक्षेत्र।** पिपली बस अड्डा के समीप एक वाहन ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान हरविंद्र सिंह निवासी पिपली के तौर पर हुई है। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक के भाई गुरबख्श सिंह की शिकायत पर मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुरबख्श सिंह न बताया कि मंगलवार रात्रि उसका भाई हरविंद्र सिंह घर नहीं आया तो वह अपने भाई हरविन्द्र सिहं को पिपली पुरानी मंडी के पास तलाश करने के लिए। उसने पिपली बस अडडा के पुल के सामने अपने हरविन्द्र को इधर उधर देखने लगा तो देखा कि हरविन्द्र पिपली बस अड्डा के पुल के नीचे से पुरानी मंडी की तरफ आ रहा था तो अचानक एक गाडी गलत साईड से तेज रफ्तार से पिपली की तरफ से आई और सीधी टक्कर हरविन्द्र सिंह को मारी। हरविन्द्र सिहं गाडी की टक्कर लगते ही सड़क पर जा गिरा गया। भीड़ का फायदा उठा कर गाडी ड्राईवर गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मथाना सीएचसी में ले गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

**सुविधा** सरकार लाडवा को स्वस्थ हलका बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही

# अब महीने के दूसरे शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में विकलांगों के प्रमाण पत्र होंगे जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सक डा.कृष्णकांत ने कहा कि नायब सरकार लाडवा हलके को स्वस्थ हलका बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नायब सरकार ने न केवल अस्पताल में पांच चिकित्सक भेजकर चिकित्सकों की कमी को दूर किया है, बल्कि अब लाडवा केंद्र में ही कंप्यूटराइज एक्स-रे मशीन से रोगियों के एक्स-रे भी होते है। डा.कृष्णकांत अस्पताल में पत्रकारों को अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि अब हर महीने के दूसरे शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में विकलांग



मुख्य चिकित्सक डा.कृष्णकांत।

**अब मरीजों को उनके गांव स्तर पर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध**

**अस्पताल में कंप्लीट ब्लड सेल काउंटर व सेमी ऑटो मशीन उपलब्ध**

व्यक्तियों के प्रमाण पत्र भी जारी हो सकेंगे। इसके लिए जिला स्तर से विशेषज्ञ डा. विकलांग व्यक्तियों की जांच उपरांत उन्हें विकलांगता का प्रमाण पत्र जारी करेंगे। यह सब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अथक प्रयास की वजह से हो पाया है। अब मरीजों को उनके गांव स्तर पर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध है और मरीजों को अपनी जांच के लिए बेवजह प्राइवेट अस्पताल में नहीं जाना पड़ता और उनके पैसे और समय की बबार्दी को भी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कंप्लीट ब्लड सेल काउंटर व सेमी ऑटो एनालाइजर मशीन भी उपलब्ध करवाई गई, ताकि अब मरीजों को अपने खून की जांच करवाने के लिए बाहर प्राइवेट संस्थानों में न जाना पड़े। लिवर फंक्शन, किडनी फंक्शन तथा प्लेटलेट काउंट इत्यादि की जांच भी अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अब वह जिला स्तर पर अपनी विकलांगता प्रमाण पत्र हेतु न जाए और अनावश्यक समय और पैसे को बचाए। क्योंकि सरकार के द्वारा यह सेवा प्रति माह दूसरे शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में उपलब्ध करवा दी गई है। यह लाडवा क्षेत्र वालों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है आम जनता से अपील है कि वह सब मिलाकर इसका लाभ उठाएं।

### अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों ने सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन, हरियाणा के प्रतिनिधि मंडल ने कुरुक्षेत्र के कैम्प कार्यालय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी कैलाश सैनी और सुशील राणा, जिला अध्यक्ष, भाजपा, कुरुक्षेत्र से मिलकर सेवा सुरक्षा की कार्यवाही की रिपोर्ट को जल्द से जल्द जमा करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने सीएम के ओएसडी को बताया कि मुख्यमंत्री जनसंवाद की 28 दिसंबर,2024 की कार्यवाही की रिपोर्ट में उच्चत्तर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों में अनुबंधित सहायक प्रोफेसरों से संबंधित सेवा सुरक्षा प्रदान करने के मामले की जांच करने के लिए 1 महीने पहले एक समिति का गठन किया गया था लेकिन कमेटी की रिपोर्ट आज तक सबमिट नहीं होने के कारण सेवा सुरक्षा का ड्राफ्ट व अन्य महत्वपूर्ण आगामी कार्रवाई नहीं हो पाई है। रिपोर्ट के लिए शिक्षा विभाग द्वारा रिमाइंडर भी आ चुके हैं।

**श्रीनगर में तैनात हवलदार सत्यजीत की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी**

# सेना हवलदार सत्यजीत को आंसूपूर्ण विदाई भारत माता के जयकारों से गूंजा आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव शेरा निवासी थल सेना में हवलदार सत्यजीत का बहुत ही गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। स्मरणीय है कि जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में तैनात हवलदार सत्यजीत की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई थी। सत्यजीत की पांच अप्रैल को शादी होनी थी और तीन दिन पहले ही सत्यजीत अपनी शादी की शॉपिंग कर ड्यूटी पर श्रीनगर लौटा था। सत्यजीत करीब छह साल पहले स्पोर्ट्स कोटे से सेना की राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) बटालियन में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। दो साल पहले सत्यजीत को हवलदार के पद पर पदोन्नत मिली थी। सेना भर्ती होने से पहले सत्यजीत ने राष्ट्रीय स्तर पर भी कई मेडल जीते थे। उन्हें हाल में ही आर्मी कमांडर पत्र से भी नवाजा गया था। सत्यजीत को हरियाणा सरकार की ओर से खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार समेत बडी संख्या में ग्रामीणों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं सत्यजीत की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



पानीपत। सेना हवलदार सत्यजीत को श्रद्धांजलि देते हुए खनन मंत्री कृष्ण पंवार।

### 3 दिन पहले ही छुट्टी काट घर से गए थे

पिता सज्जन सिंह ने बताया है कि सत्यजीत 6 साल पहले स्पोर्ट्स कोटे से सेना की राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। वह 2 साल पहले हवलदार के पद पर पदोन्नत हुए थे।

## जिलेभर में गुरु रविदास के जन्मोत्सव पर आयोजित हुए हवन-यज्ञ व भंडारे

# धूमधाम से मनाया जिलेभर में संत गुरु रविदास का 648वां जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

संत शिरोमणि गुरु रविदास का 648 वां प्रकाशोत्सव बुधवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जगह-जगह हवन-यज्ञ, भंडारों व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, कई स्थानों पर शोभायात्रा भी निकाली गई।

शहर के सिटी सेंटर मार्ग स्थित गुरू रविदास मंदिर में संत गुरू रविदास का जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सबसे पहले झंडे की रस्म अदा की गई। इसके बाद हवन-यज्ञ का आयोजन करने के बाद दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरू की महिमा का गुणगान किया। वहीं, छछरौली के रविदास मंदिर में गुरू रविदास जयंती के अवसर पर झंडे की रस्म अदा करने के अलावा हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। इसी तरह बिलासपुर के श्री गुरु रविदास मंदिर, डेरा बाबा गोपाल दास में हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्घालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

झंडा रस्म भी अदा की गई। बिलासपुर के पूर्व पंच राजेश कुमार ने बताया कि हवन यज्ञ में कस्बे के गणमान्य लोगों ने आहूतियां डालकर क्षेत्र की सुखशांति की कामना की। उधर, जठलाना के रविदास मंदिर में भी रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसी तरह गांव नाचरौन के रविदास मंदिर में सुबह के वक्त मंदिर की परिक्रमा व हवन यज्ञ किया गया। इसके बाद हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान रविदास सभा के प्रधान ने बताया कि भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह गांव घेसपुर रविदास मंदिर में सुबह के वक्त हवन यज्ञ किया गया और बाद में भंडारे का आयोजन हुआ। मौके पर रमेश ने कहा कि गुरू रविदास जी ने लोगो को मानवता का संदेश दिया। यहीं कारण है कि हर समाज व समुदाय के लोग उनका सम्मान करते है। उधर, मुस्तफाबाद, रादौर, खिजराबाद व साढ़ौरा के रविदास मंदिरों समेत जिले भर के दो दर्जन से अधिक रविदास मंदिरों में रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसी तरह गांव महरामपुर में आयोजित रविदास जयंती समारोह में भंडारे का आयोजन किया गया।





यमुनानगर। गुरू रविदास जयंती पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु व नगर परिक्रमा करते हुए गुरु रविदास मंदिर सभा के सदस्य।

## गुरू जी के दिखाए मार्ग पर चलकर निभाएं अपनी भूमिका : बंचल

रादौर। गुरू रविदास जयंती के अवसर पर बुधवार को छोटाबांस, पटाक माजरी, वाल्मीकि बस्ती में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरू रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पटाक माजरी में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन धर्म सिंह बंचल को प्रधान ऋषिपाल व अन्य सदस्यों ने सरोपा भेंटकर व गुरू रविदास जी का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। बंचल ने कहा कि हम सभी को गुरू जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज सेवा में अपनी-अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इसके साथ ही मौके पर आयोजित हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की।

## गुरू रविदास जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन



यमुनानगर। पटाक माजरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन धर्म सिंह बंचल को सम्मानित करते आयोजक।

# सूर्य नमस्कार करने से शारीरिक स्वास्थ्य होता है बलिष्ठः कौर

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन( रादौर) में चल रहे छह दिवसीय सूर्य नमस्कार अभियान का हुआ समापन
- अभियान संयोजक हरप्रीत कौर ने की समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन(रादौर) में चल रहे छह दिवसीय सूर्य नमस्कार अभियान का समापन हो गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार व अन्य यौगिक क्रियाएं की। कार्यक्रम का आयोजन हर घर परिवार सूर्य नमस्कार के अंतर्गत किया गया।

कार्यक्रम संयोजक हरप्रीत कौर ने बताया कि सूर्य नमस्कार अभियान का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सूर्य नमस्कार के माध्यम से मानसिक व शारीरिक बल को सशक्त बनाना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के लाभ और सही विधि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अभियान के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार व यौगिक क्रियाएं करवाई गई।

मौके पर विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या में सूर्य नमस्कार करने और यौगिक क्रियाएं शामिल करने के लिए आहवान किया गया। संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने कहा कि ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान द्वारा विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास करने के लिए इस प्रकार के आयोजन समय समय पर करवाता रहता है। ताकि विद्यार्थियों में अनुशासन और आत्मविश्वासन बढ़ाया जा सके तथा विद्यार्थियों को फिटनेस के प्रति प्रेरित करके उन्हें एक स्वस्थ जीवन जीना सिखाया जा सके। संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयोजित किए गए छह दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। जिसमें सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों को सही तरीके से करने की विधि पर ध्यान केंद्रित किया करना सिखाया गया।



यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में आयोजित सूर्य नमस्कार अभियान के समापन पर सूर्य नमस्कार करते हुए विद्यार्थी।



यमुनानगर। शादीपुर में संत गुरु रविदास महाजार के प्रकाशोत्सव पर बुधवार को शादीपुर में नगर कीर्तन में भाग लेते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## नगर कीर्तन निकालकर मनाया प्रकाशोत्सव

यमुनानगर। श्री गुरु रविदास मंदिर सभा द्वारा शादीपुर में संत शिरोमणि गुरु रविदास के प्रकाशोत्सव पर बुधवार को गुरु रविदास मंदिर में चल रहे गुरूग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन किया गया। इससे पहले शादीपुर में नगर कीर्तन और हवन यज्ञ किया गया। दोपहर के वक्त भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर सभा के वरिष्ठ सदस्य रवि ने बताया कि बुधवार को संत गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव पर सबसे पहले अल सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद नगर में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन यात्रा मंदिर परिसर से शुरु होकर गांव की विभिन्न गलियों से होती हुई अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई। नगर कीर्तन यात्रा के समापन पर गुरु रविदास मंदिर शादीपुर में चल रहे श्री गुरुग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन हुआ। अखंड पाठ के समापन के बाद हवन यज्ञ का आयोजन व नगर कीर्तन यात्रा की गई। उन्होंने बताया कि नगर कीर्तन में सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रास्ते में श्रद्धालुओं को जलपान व फल भेंट किए गए। मंदिर सभा के वरिष्ठ सदस्य रवि ने बताया कि दोपहर के समय मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि मंदिर सभा द्वारा हर वर्ष संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर प्रभातफेरी, नगर कीर्तन, शोभायात्रा व भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## बारहवीं के विज्ञान संकाय के छात्र शिवांश ने जी. मेनस के प्रथम सत्र में 97 प्रतिशत अंक लेकर किया स्कूल का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- स्कूल की प्राचार्या मोनिका कश्यप और स्टॉफ सदस्यों ने शिवांश को दी बधाई

होली मदर पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र शिवांश ने जी मेनस 2025 प्रथम सत्र में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल व अपने अभिभावकों और अपने अध्यापकों का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्राचार्या मोनिका कश्यप ने छात्र शिवांश को उसकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या मोनिका कश्यप ने बताया कि 12वीं विज्ञान संकाय के शिवांश ने जी मेनस के प्रथम सत्र में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि शिवांश की इस उपलब्धि का श्रये उसकी मेहनत व अध्यापकों द्वारा किए गए प्रयास को जाता है। मौके पर छात्र शिवांश ने बताया कि वह आईटी सैक्टर में जाना चाहता है। अभी वह 12वीं कक्षा में अच्छे अंक अर्जित करना चाहता है। शिवांश ने बताया कि वह बी.टेक (पेट्रोलियम) में पढ़ाई करके अपना सपना पूरा करना चाहता है। शिवांश ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों रोहित, मोहित, नितिन, रमन व किमन के साथ साथ माता पिता को दिया। जिनके साथ के चलते वह इस मुकाम को हासिल कर पाया।



यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र शिवांश को बधाई देती प्राचार्या व अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

# निःशुल्क आयुष चिकित्सा जांच शिविर में जांचा 366 लोगों का स्वास्थ्य

- जिला आयुष विभाग ने गांव हड़तान में आयोजित किया नि :शुल्क आयुष चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन
- शिविर में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व संघ चालक एवं समाजसेवी मान सिंह आर्य ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला आयुष विभाग द्वारा महानिदेशक आयुष हरियाणा संजीव वर्मा के निर्देशानुसार गांव हड़तान के आरोग्य मंदिर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने की। जबकि मुख्यातिथि के रुप में पूर्व संघ चालक मान सिंह आर्य ने भाग लिया। विशिष्ठ अतिथि के रुप में हड़तान के सरपंच गुरचरण सिंह व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी मौजूद रहे। मौके पर आयुष प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

मुख्यातिथि मान सिंह आर्य ने आयुष विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मौके पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग आमजन को हमारी पुरातन पद्धति आयुर्वेद की जानकारी दे रहा है। मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने बताया कि आयुष विभाग समय समय पर आयुष चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहता है। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को बताया जाता है कि किस प्रकार आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक औषधियों की उपयोगिता एवं दिनचर्या व ऋतुचर्या के अनुसार जीवन यापन कर कैसे स्वस्थ रहा जा सकता है। योगासनों की प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को आसन और प्राणायाम सही तरीके से करने तथा उनसे होने वाले लाभों की जानकारी प्रदान की जाती है। इन शिविरों में वृद्ध रोगियों का विशेष रूप से निरीक्षण कर इलाज किया जाता है।

चिकित्सा शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ. सचिन बक्शी, डॉ. शिव कुमार सैनी, डॉ. जावेद, डॉ. महक, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. मीनू, डॉ. श्वेता शर्मा व डॉ. मनीष वर्मा आदि ने 366 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की। इसके बाद मौके पर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर के अंत में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि तथा शिविर में आने वाले लोगों का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया कर सम्मानित किया गया।




यमुनानगर। हड़तान में आयोजित नि :शुल्क आयुष स्वास्थ्य जांच शिविर का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ करते हुए अतिथि।



यमुनानगर। वाल्मीकि बस्ती रादौर में गली में खड़ा गंदा पानी दिखाते स्थानीय लोग।

## वाल्मीकि बस्ती में महीनों से जाम पड़े सीवरेज से लोग परेशान

रादौर। कस्बे की वाल्मीकि बस्ती में महीनों से सीवरेज जाम होने के कारण गंदा पानी गली में खड़ा रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि बार-बार शिकायत करने पर भी जलापूर्ति विभाग की ओर से मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे बस्ती के लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। बस्ती वासियों रामप्रसाद, धर्मबीर, रामपथ, प्रदीप, राजू, रेशो, संतोष, सुरेशो देवी, रेखा, सतीश व उपासना आदि ने बताया कि पिछले कई महीनों से बस्ती में सीवरेज जाम पड़ा हुआ है। जिससे सीवरेज का गंदा पानी मेन हॉल से बाहर आकर गली में खड़ा हुआ है। गंदे पानी से निकल रही दुर्गंध वातावरण को दूषित कर रही है। लेकिन शिकायत करने के बावजूद आज तक जाम पड़े सीवरेज को ठीक नहीं किया गया। जिसका खामियाजा बस्ती के लोग भुगत रहे हैं। उनकी मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द जाम पड़े सीवरेज को खुलवाने का काम करे। इस संबंध में विभाग के एसडीओ रवि नायक ने बताया कि शीघ्र ही कर्मचारियों को मौके पर भेजकर सीवरेज की समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।

# नए आपराधिक कानूनों का सुनिश्चित करें क्रियान्वयनः गुप्ता

- जिला सचिवालय में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन करने के लिए जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। मौके पर बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता भी मौजूद रही।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में अधिकारियों को जिले में ई-समन, ई-चालान और ई-साक्ष्य प्रणाली के शत प्रतिशत प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में गवाहों की एक्जामिनेशन हेतु ऑडियो वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से साक्ष्य रिकॉर्ड करने की सुविधा के लिए हरियाणा सरकार द्वारा नामित स्थानों में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था पूरी कर ली जाए। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुष्कर्म और पॉक्सो मामलों की लंबित फॉरेंसिक रिपोर्टों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की पहचान कर जल्द से जल्द निपटान करने के प्रयास किए जाएं। ताकि पीड़तिों को शीघ्र न्याय मिल सके। इसके अलावा जिन मामलों में कैदियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में पेश किया जा सकता है। वहां इस प्रणाली का प्रभावी रूप से पालन किया जाए। मौके पर जिला न्यायवादी धर्मचंद ने कहा कि इन कानूनी सुधारों को लागू करने के लिए कार्य योजना पर पूरी तरह से अमलीजामा पहनाया जाएगा। बैठक में डीआईओ विनय गुलाटी, जेल अधीक्षक विशाल छिब्बर, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## प्रतियोगिताओं में सफलता को लेकर विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों के लिए एसआईएच विजेताओं द्वारा स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 पर एक रोचक और इंटरएक्टिव ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व टीम टेक एवेंजर्स 2024 विजेता और जेएम कोडक्राफ्टस एसआईएच 2024 में शॉर्टलिस्टेड टीम ने किया। वहीं एसआईएच के स्पोस भी इसमें शामिल रहे। इस सत्र में सीएसई और आईटी विभागों के 130 छात्रों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य केंद्र प्रभावी एसआईएच प्रस्तुति तैयार करने के तरीके थे, जिससे शॉर्टलिस्ट होने की संभावनाएँ बढ़ सकें। वक्ताओं ने राष्टीय स्तर की प्रतियोगिता में जीतने की रणनीतियों पर भी चर्चा की। जिसमें टीम बिल्डिंग तकनीक, जूरी सदस्यों को प्रभावित करने के तरीके और एसआईएच में सफलता के प्रमुख कारक शामिल थे। छात्रों ने राष्टीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपने अनुभव सांझा किए। साथ ही प्रतियोगिताओं में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इस पर भी चर्चा की।

## जिला सचिवालय में आयोजित नगर निगम व नगर पालिका चुनाव में लगे अधिकारियों की बैठक

# निकाय चुनाव का कार्य सेवाभाव से करें सभी अधिकारीः आहुजा

- अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने बैठक में दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला सचिवालय में नगर निगम व नगर पालिका चुनाव को संबंधित अधिकारियों व सैक्टर से संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकारियों को चुनाव से संबंधित जानकारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने बैठक में अधिकारियों को ईवीएम मशीनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चेकिंग करने के दौरान कौन सी ईवीएम मशीन ट्रेनिंग के समय उपयोग करनी है यह सुनिश्चित कर लें। वहीं,अति संवेदनशील बूथों की भी चैकिंग सुनिश्चित कर लें। उन्होंने सभी बूथों पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय व दो दरवाजों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने कहा कि निकाय चुनावों में मेयर 30 लाख रुपये तक और मेंबर 7 लाख 50 हजार रुपये तक खर्च कर सकता है। इनके खर्चों की जांच आरओ व एआरओ रखेंगे।

उन्होंने बताया कि आरटीए ट्रांसपोर्ट के लिए छोटे वाहनों का प्रयोग करें। ताकि बूथों पर आने जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि पोस्टल बेलेट टीम अपने कार्य को पहले से ही ठीक कर लें। सभी अधिकारी निकाय चुनावों का कार्य सेवा भाव से करें।

ईवीएम संबंधी समस्त जानकारी सेक्टर ऑफिसर को होनी चाहिए। उन्होंने सभी सेक्टर ऑफिसरों को 10 से 15 बूथों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने बताया कि नगर निगम यमुनानगर व रादौर नगर पालिका निकाय चुनावों के लिए 362 बूथ बनाए गए हैं। इस अवसर पर एसडीएम जगाधरी आरओ सोनू राम, सीटीएम पीयूष गुप्ता, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम डॉ. विजय पाल यादव, चुनाव तहसीलदार गुलशन व डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा। फोटो : हरिभूमि

# स्कूल के बच्चों को अपने बीच देखकर खुशी से झूम उठे वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

- न्यू राइजिंग स्टार हाई स्कूल मंडौली के बच्चों ने वृद्धाश्रम जगाधरी का किया भ्रमण

न्यू राइजिंग स्टार हाई स्कूल मंडौली के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम जगाधरी का भ्रमण कर वृद्धों का आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चों ने वृद्धो के साथ समय बिताकर उनको बिस्कुट, जूस, केक, समोसा व कपड़े भेंट किए। जिससे वृद्धो के चेहरे खिल उठे।

वृद्धाश्रम जगाधरी में सुबह के वक्त न्यू राइजिंग स्टार हाई स्कूल मंडौली के विद्यार्थी पहुंचे तो वहां रह रहे बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। बुजुर्ग बच्चों को अपने बीच देखकर गद्गद हो गए और उन्हें अपने पोती पोतों की याद आ गई। मगर स्कूल के बच्चों ने बुजुर्गों के चेहरों पर आए अपनो की याद के भाव को अपने स्नेहभरी बातों से दूर कर दिया। खास बात यह रही कि विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच काफी समय बिताया और वृद्ध लोगों के जीवन के अनुभवों और ज्ञान से सीखने का अवसर प्राप्त किया। मौके पर बुजुर्गों ने अपने जीवन की कहानियां बच्चों के साथ सांझा की। बुजुर्गों ने बच्चों को समझाया कि अपने बच्चों द्वारा छोड़े जाने और उनसे बिछुड़ने का दर्द वही जान सकता है। जिसने इस दर्द को सहा है और वह दर्द वह सह रहे हैं। बुजुर्गों ने मूल्यवान सबक सिखाते हुए और युवा दिमागों को प्रेरित करते हुए बच्चों को अपना प्यार भरा अपने दिल से आर्शीवाद दिया।



यमुनानगर। वृद्धाश्रम जगाधरी में भ्रमण के दौरान बुजुर्गों से आर्शीवाद लेते हुए न्यू राइजिंग स्टार स्कूल मंडौली के बच्चे।

## खबर संक्षेप



### वेद पूरे संसार के लिए ज्ञान की ज्योतिः सुभाष

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि वेद पूरे संसार को ज्ञान का रास्ता दिखाते है, हमे महर्षि दयानंद सरस्वती के आहन को याद करते हुए वेदों की तरफ बढ़ने की जरूरत है। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा बुधवार को महर्षि दयानंद सरस्वती द्विजन्म शताब्दी वर्ष के समापन पर आयोजित 12 दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ एवं आर्य समाज स्थापना तथा सत्यार्थ प्रकाश लेखन के 150 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, स्वामी सूपूंर्णा नंद महाराज, स्वामी सुमेदा नंद सरस्वती, पूर्व सांसद सिकर, जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी, अग्रवाल समाज के प्रधान सतप्रकाश ने विधिवत रूप से समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



### गुरु रविदास एक महान संत और समाज सुधारक

**थानेसर।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाएं हमें समता, समरसता, और निष्काम कर्म की प्रेरणा देती हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। अंकित गुप्ता संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर अपने कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

### माधोपुर महोत्सव में उत्सव उपनिषद् की रचना होगी

कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु मैत्री संघ, हिमाचल प्रदेश के स्टेट



कोऑर्डिनेटर आचार्य कुंजबिहारी ने बताया कि 17 से 22 फरवरी, समर्थगुरू जी के सान्निध्य में माधोपुर महोत्सव में कार्यक्रम होंगे। इसके तहत 17 से 19 फरवरी तक सुरति योग और हंस प्रज्ञा कार्यक्रम होगा। 20 से 22 फरवरी तक निरति योग और मैत्री प्रज्ञा कार्यक्रम होगा। 17 से 22 फरवरी माधोपुर महोत्सव और आदरणीय समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा उत्सव उपनिषद की रचना विश्व कल्याण हेतु होगी। समर्थगुरू संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने बताया कि सौभाग्य की यह घड़ी बार बार नहीं आती इसलिए भारत के विभिन्न स्थानों से सभी साधक अपने परिवार सहित शामिल हो कर अपने जीवन को सुखी बनाएंगे और विश्व कल्याण हेतु साधना करेंगे।

## पूर्व राज्यमंत्री ने जंयती समारोह का किया शुभारंभ

# संत शिरोमणी गुरु रविदास ने समाज को दिखाई सही राह : सुभाष सुधा

गुरु रविदास मंदिर व धर्मशाला में समाज व संस्था की तरफ से गुरु रविदास महाराज जंयती समारोह मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज ने समाज के लोगों को सही राह दिखाने का काम किया। इस शिरोमणी भक्त ने निस्वार्थ भाव से समाज के लोगों की सेवा करने का काम किया। इन महान संतों के दिखाए मार्ग पर सभी को चलने की जरूरत है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को अंबेडकर चौक के पास स्थित गुरु रविदास मंदिर व धर्मशाला में समाज व संस्था की तरफ से आयोजित संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज जंयती समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज के मंदिर में पूजा अर्चना की और समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से महान संतों के जंयती समारोह को सरकारी स्तर मनाने का एक एतिहासिक फैसला लिया था। इससे समाज के लोगों को महान संतों के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर मिल पाता है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी महाराज के आर्दशों को सभी लोगों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। डा बी आर अंबेडकर भवन के चेयरमैन डा. आर बी लाग्यान ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज ने समाज के उत्थान के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। इस समाज के लोगों को जागरूक करने का काम किया। इन महान व्यक्तित्व के धनी महापुरुष के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में सरपंच श्याम लाल ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राम लाल आर्य, ताराचंद नरवाल, ओमप्रकाश तंवर, डा. सुरेश. डीएसपी रौनकी राम, मलकीत ढांडा, धर्मवीर लाग्यांन, लेखराज, निर्मला चौधरी, केडीबी के पूर्व सदस्य के सी रंगा आदि उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। जूस वितरित करते संस्था के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रकाशोत्सव पर लगाया विशाल जूस का लंगर

**कुरुक्षेत्र।** संत शिरोमणि श्रीगुरु रविदास महाराज जी के 648 वें पावन प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से गांव बगथला मे विशाल जूस के लंगर का आयोजन किया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने गुरु रविदास जी की जयंती पर उन्हे कोटि कोटि नमन किया ओर उनके जन्म और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आवाहन किया। उन्होंने गुरु रविदास जी को सच्चा समाज सुधारक बताया। गुरु रविदास सभा बगथला वह पंचायत समिति सदस्य अंजु रानी वह सुरेंद्र की ओर से सेवा ट्रस्ट यूके भारत और उनकी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया का इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद किया की आज गुरु रविदास जी के पावन पर्व पर विशाल जूस का लंगर लगाया है। इस अवसर गुरु रविदास सभा से जोडा सिंह, रामचंद्र, देवेन्द्र कुमार, सोहन सिंह, अनिल कुमार व बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।

## स्वामी संजनानंद गिरी ने की पत्रकार वार्ता



कुरुक्षेत्र। पिपली विश्राम गृह में मीडिया से बातचीत करती महामंडलेश्वर स्वामी संजनानंद गिरी महाराज। *फोटो : हरिभूमि*

- **यज्ञ और सनातन धर्म का पालन करना परमात्मा के मार्ग को प्राप्त करने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका : संजनानंद गिरी महाराज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कामाख्या शक्तिपीठ की उपासिका व निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर स्वामी संजनानंद गिरी ने कहा कि यज्ञ और सनातन धर्म का पालन करना परमात्मा के मार्ग को प्राप्त करने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है और उनका मां कामाख्या की चतुष्पथ धर्मयात्रा में शामिल होने का यही तात्पर्य है कि धर्म यात्राएं न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और शारीरिक रूप से भी अत्यंत भाग्यशाली होती हैं। इस यात्रा के माध्यम से कामाख्या धर्म यात्रा में लोगों को जुड़ने का मौका मिलता है। वे पिपली विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने मीडिया के माध्यम से आगामी अखिल भारतीय चतुष्पथ धर्म यात्रा में शामिल होने हेतु हरियाणा की जनता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस धर्मयात्रा का मुख्य उद्देश्य मां कामाख्या के प्रति जो भ्रांतियां फैलाई जा रही है उसे निकालना है, क्योंकि मां मां होती है। वे पहली बार एक महिला होने के नाते मां कामाख्या की धर्मयात्रा कर रही हैं। इस यात्रा से परंपराओं, संस्कारों व व्यक्तियों को आधुनिकता के साथ जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके साथ साथ यात्रा के माध्यम से महिलाओं को जोड़ना भी उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आज भी महिलाएं काफी पीछे हैं। महिलाओं को मान सम्मान दिलाना और यात्रा के साथ जोड़ना, नारी शक्ति को आगे बढाना ही उनका उद्देश्य है।



### महर्षि दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याण को समर्पित रहा : नवीन जिन्दल

**कुरुक्षेत्र।** महर्षि दयानंद सरस्वती की द्वि जन्म शताब्दी वर्ष समापन समारोह, आर्य समाज स्थापना और सत्यार्थ प्रकाश लेखन के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वेद विद्या शोध संस्थान पिपली की ओर से महायज्ञ आयोजित किया गया। इस दौरान ब्रह्मा सरोवर के तट पर 12 दिवसीय चतुर्वेदी पारायण महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। बुधवार को यज्ञ में पूणाहुति डाली गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान सांसद नवीन जिंदल ने कार्यक्रम में शिरकत की। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने ऐसे सामाजिक आदर्शों की स्थापना की। जिसमें धर्म, न्याय, पक्षपात रहित आचरण, समभाव की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि ज्ञान सदैव परिवर्तन लाता है। सबसे बड़ा अभिशाप अज्ञानता है। गलती हमेशा अज्ञानता वश होती है। सांसद जिन्दल ने कहा कि यदि इंसान दूसरे इंसान की सेवा सुरक्षा का भाव रखें तो विश्व में शांतिपूर्ण माहौल पैदा हो सकता है।

# नगर परिषद चेयरमैन पद के प्रत्याशी चुनाव में कर सकते है 20 लाख तक खर्चः डीसी

- **खर्च राशि का हिसाब किताब रखने के लिए बकायदा रिकॉर्ड रखना होगा ताकि किसी भी समय इस रिकॉर्ड में दर्ज किए जा सकें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के आदेशानुसार नगर परिषद के चेयरमैन पद के प्रत्याशी चुनावों में 20 लाख रुपए तक की राशि खर्च कर सकते है। इस राशि का हिसाब किताब रखने के लिए बकायदा रिकॉर्ड रखना होगा ताकि किसी भी समय इस रिकॉर्ड में दर्ज किए गए खर्चे का मिलान प्रशासन की टीमों द्वारा किया जा सके। इसी तरह नगरपालिका के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चुनावों में 12.50 लाख रुपए तक की राशि खर्च कर सकते है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर निकाय के चुनावों में सभी प्रत्याशियों के खर्चों पर प्रशासनिक टीमों द्वारा पैनी निगाहें रखी जाएंगी। इसके लिए बकायदा टीमों का गठन किया गया है। इन चुनावों में जहां नगर परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी 20 लाख रुपए तक चुनावी खर्च कर सकेंगे, वहीं नगर परिषद पार्षद पद के लिए नगर परिषद चुनावी खर्च की सीमा 4.50 लाख रुपए रखी गई है। इसी तरह नगर पालिका में अध्यक्ष पद का प्रत्याशी 12.5लाख और पार्षद 3 लाख रुपए तक का चुनावी खर्च कर सकेगा।

### नामांकन के दौरान 3 वाहन की होगी अनुमति

**थानेसर।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद थानेसर के आम चुनाव, इस्माइलाबाद अध्यक्ष पद के उपचुनाव व लाडवा में वार्ड नंबर 11 के पार्षद पद के उपचुनाव के लिए 17 फरवरी तक संबंधित आरओ व एआरओ कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे के बीच नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान कोई भी प्रत्याशी आरओ व एआरओ कार्यालय की सौ मीटर की परिधि में तीन से अधिक वाहन नही ले जा सकेंगे। वहीं आरओ व एआरओ कार्यालय के भीतर नामांकन पत्र जमा कराने आए व्यक्ति के साथ केवल चार व्यक्ति ही अंदर आने की अनुमति होगी। जिनमें उम्मीदवार का नामांकन प्रस्तावित करने वाला कोई भी प्रस्तावक/प्रस्तावक शामिल हो सकते है। इन आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### लाइसेंसशुदा हथियार जमा करवाने के आदेश

**थानेसर।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 2 मार्च को होने वाले निकाय चुनाव के मद्देनजर सभी लाईसैंस शुदा हथियार धारकों को आदेश जारी किए हैं कि वे अपने हथियार नजदीकी थानों व पंजीकृत हथियार डीलरों के पास जमा करवा दें।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि लाईसैंसी हथियार धारक तुरंत प्रभाव से अपने समीप के पुलिस स्टेशन में जाकर बंदूक, रिवाल्वर, पिस्तौल आदि जमा करवा दें। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति के पास हथियार पाया जाता है या कोई व्यक्ति घातक शस्त्र लेकर घूमता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नारी में ही ब्रह्म की प्रमुख सृजनात्मक शक्ति निहित : डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार

- **दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में महिला नेतृत्व तथा विकास विषय पर एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नारी शक्ति समर्पण, सेवा एवं सुबुद्धि की साक्षात प्रतीक है। नारी की की अपरिमित शक्ति एवं जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों में स्थितप्रज्ञ रहते हुए साहसिक भूमिकाओं के अनेकों प्रमाण इतिहास में भी उपलब्ध हैं। नारी ने सुलक्षणी गृहणी से संसद की साम्राज्ञी के रूप में अपनी सार्थकता, विशिष्टता एवं विद्वता को सिद्ध किया है। यह विचार कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आईसीएसएसआर नार्थ-वेस्टर्न रिजीनल केन्द्र, पंजाब विवि, चंडीगढ़ के सहयोग से ह्यमहिला नेतृत्व तथा विकासह्न विषय पर एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले वेद मंत्रोच्चारण सहित दीप प्रज्वलन के साथ सगोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारे देश की वैदिककालीन विदुषियों में गार्गी, मैत्रेयी लोपामुद्रा से लेकर आधुनिक युग में महिला राष्ट्रपति के पद पर प्रतिष्ठित द्रौपदी मुर्मू तथा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जैसी प्रभावशाली विभूतियों ने भारत की प्रतिष्ठा एवं गरिमा को बढ़ाने का कार्य किया।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम के दौरान 3 लाख 10 हजार 660 बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजॉल

- **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम के तहत 94 प्रतिशत बच्चों को खुराक देने पर कुरुक्षेत्र हरियाणा में प्रथम : डा. सुखबीर सिंह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक एवं जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम के दौरान कुरुक्षेत्र जिले में 3 लाख 10 हजार 660 बच्चों को एल्बेंडाजॉल की खुराक देकर हरियाणा में प्रथम स्थान पर रहा है। इस जिले में 94 प्रतिशत बच्चों को खुराक दी गई है। इस जिले में 3 लाख 30 हजार 320 बच्चों को खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने प्रोग्राम की इंचार्ज डिप्टी सीएमओ डा. करुणा और उनकी टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्य को पूरा करने के लिए टीम की तरफ से भरसक प्रयास किए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में इस अभियान को शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत जिले के 3 लाख 30 हजार 320 बच्चों में से 3 लाख 10 हजार 660 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि मुक्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बच्चों में खून की कमी का एक मुख्य कारण कृमि होते है, जिस कारण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में कमी आ जाती है । गंभीर कृमि संक्रमण से कई लक्षण उत्पन्न हो सकते है जैसे कि दस्त, जी मिचलाना, उल्टी, हल्का पेट दर्द, कमजोरी, वजन कम होना, रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना। यह एल्बेंडाजोल की गोली बिल्कुल सुरक्षित है, इसको खाने से अनेक फायदे होते है जैसे कि एनीमिया में नियंत्रण, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, समुदाय में कृमि संक्रमण की व्यापकता में कमी शामिल है। प्रोग्राम के तहत 1 से 19 वर्ष के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के बच्चों को एवं 20 से 24 वर्ष आयु की सभी महिला जोकि गर्भवती न हो तथा स्तनपान न करवा रही हो, को स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रो के माध्यम से गोली निःशुल्क खिलाई गई जो बच्चे छूट गए हैं उनको आगामी 18 फरवरी को मॉप अप राउंड के दौरान एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।

## आकाश एजुकेशनल कुरुक्षेत्र का जेईई-मेन में शानदार प्रदर्शन

# 11 छात्रों ने हासिल किया 99 पर्सेंटाइल स्कोर

- **खास बात यह है कि चयनित जुनेजा और वृष्टि दोनों ने फिजिक्स में परफेक्ट 100 स्कोर किया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। संस्थान के उत्तीर्ण विद्यार्थी विजयी चिह्न बनाकर खुशी का इजहार करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

भारत की प्रमुख टेस्ट प्रिपरेटरी सेवा प्रदाता आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन 1) में अपने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि की घोषणा की है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड कुरुक्षेत्र में पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए एकेमिक हेड इंजीनियरिंग हिमांशु पारिक ने बताया कि इस परीक्षा के पहले सत्र में कुरुक्षेत्र से 11 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक स्कोर किया है, जो उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता को दर्शाता है। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में चयन जुनेजा 99.9 पर्सेंटाइल, वृष्टि 99.78 पर्सेंटाइल, ओम गौर 99.74 पर्सेंटाइल, मानिक झ 99.53 पर्सेंटाइल, आदित्य रमन शर्मा 99.47 पर्सेंटाइल, सागर 99.44 पर्सेंटाइल शामिल है। खास बात यह है कि चयन जुनेजा और वृष्टि दोनों ने फिजिक्स में परफेक्ट 100 स्कोर किया। पत्रकार वार्ता में एरिया बिजनैस हैड अक्षत शर्मा व सीनियर एस्टीटेंट डायरेक्टर शेखर शुक्ला ने बताया कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और आकाश संस्थान के गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का प्रमाण है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 11 फरवरी को परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिससे इस वर्ष की दो नियोजित जेईई परीक्षाओं की शुरूआत हुई। इनमें से अधिकांश छात्रों ने आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकन लिया था, जिसका उद्देश्य आईआईटी जेईई जैसी विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कठिनतम परीक्षाओं को क्रैक करना है। छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए ब्रांच मैनेजर विजय कुमार ने कहा कि हमें हमारे छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर गर्व है। उनकी मेहनत और समर्पण, सही मार्गदर्शन के साथ मिलकर, इस उत्कृष्ट परिणाम का कारण बने हैं। आकाश में, हमारा लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे छात्र अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें।

### जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए जेईई मेन्स में शामिल होना अनिवार्य

ब्रांच मैनेजर विजय कुमार ने कहा कि जेईई (मेन्स) परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाती है, जिससे छात्रों को अपने स्कोर में सुधार करने के लिए कई अवसर मिलते हैं। जहां जेईई एडवांस्ड परीक्षा विशेष रूप से आईआईटी में प्रवेश के लिए होती है, वहीं जेईई मेन्स के माध्यम से एनआईटी और अन्य केंद्रीय अनुदानित इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का अवसर मिलता है। जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए जेईई मेन्स में शामिल होना अनिवार्य है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड नीट, जेईई, एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रसिद्ध है। संस्थान का उद्देश्य छात्रों को सर्वश्रेष्ठ परीक्षा तैयारी सेवाएँ प्रदान कर उन्हें उनकी पूर्ण क्षमता तक पहुंचने में सहायता करना और उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को साकार करना है।



### गीता निकेतन के सात छात्रों ने उच्च परसेंटाइल प्राप्त कर किया नाम रोशन

**कुरुक्षेत्र।** इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई - मेन 2025 के मंगलवार 11 फरवरी को घोषित पहले चरण के परिणाम में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के सात छात्रों ने उच्च परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है । छात्रावासी विद्यार्थी एलिश सैनी ने 99.55, भविष्य गोयल 99.38, वंश बंसल 99, विरल जैन 97, भौमिक सूरा 95.23, कृष्णा 94 तथा जतिन नैन ने 92 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया। गीता निकेतन के प्राचार्य नारायण सिंह ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए विद्यालय में ही छात्रों की सघन तैयारी करवाई जाती है। प्रयागराज की एक संस्था सक्षम संस्थान के आईआईटी पास शिक्षकों एवं गीता निकेतन के शिक्षकों के संयुक्त तत्वावधान में इन छात्रों को कोचिंग देने की विशेष व्यवस्था की गई है। इंजीनियरिंग के अलावा मेडिकल, क्लैट, सीयूईटी, एनडीए आदि की भी तैयारी विद्यालय में करवाई जाती है। विद्यालय प्रबंध समिति, प्राचार्य नारायण सिंह सहित आचार्य एवं पर्यवेक्षकों ने सभी सफल छात्रों एवं उनके अभिभावकों को शानदार परिणाम आने पर वधाई दी है। माघ पूर्णिमा और संत रविदास जयंती के अवसर पर प्रातः सभी विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा हेतु शुभकामना हवन भी किया गया । इस अवसर पर सफल छात्रों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत भी किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला विज्ञान दिवस मनाया

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला और बालिका विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन डॉ. सुषमा शर्मा, यूएसएफ कुरुक्षेत्र की संयोजक के मार्गदर्शन में किया गया। सत्र की शुरूआत एपीसी पूजा द्वारा कोर कमेटी सदस्य डॉ. रघुवीर टकेजा के स्वागत से हुई। डॉ. रघुवीर ने शालिनियों को विज्ञान और डिजिटल युग के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

**सूचना**

मैं, सुमन रानी उर्फ सुमन पत्नी श्री वजीर सिंह निवासी मकान नंबर 23, सेक्टर 30, अर्बन एस्टेट, कुरूक्षेत्र बयान करती हूं कि मुझे सुमन रानी तथा सुमन दो नामों से जाना जाता है। संबंधित नोट करें।

## जिले में धूमधाम से मनाई संत रविदास जयंती

# गुरु रविदास एक महान संत, दार्शनिक कवि, समाज सुधारक थे : सुमन सैनी

### बैंड बाजे के साथ निकली शोभायात्राएं, गणमान्य हस्तियों ने भी लिया संत रविदास का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती बुधवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई। हर गांव व कस्बे में समारोह आयोजित किए गए। गणमान्य लोगों ने संत रविदास महाराज की शिक्षाओं का अनुशरण करने पर जोर दिया गया। इसके बाद भंडारे भी आयोजित किए गए।


संत रविदास महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित करते सुमन सैनी व मौजूद ग्रामीण।

### सही रास्ता दिखाते हैं संत रविदास के दोहे

नारायणगढ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने संत शिरोमणी गुरू रविदास की जंयती पर गांव मिर्जापुर काठ में गुरू रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने गुरू रविदास जी को शत-शत नमन करते हुए सभी को गुरू रविदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंदिर कमेटी तथा ग्रामवासियों ने सुमन सैनी का स्वागत किया और उन्हें सिरोपा तथा स्मृति चिन्ह्न देकर उनका अभिनंदन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर हम उनके जीवन और उनके संदेशों को याद करते हैं। गुरु रविदास जी एक महान संत, दार्शनिक, कवि, समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई आध्यात्मिक ग्रंथों की रचना की है। उन्होंने मानवता की सेवा और प्रेम व भक्ति का संदेश दिया। उनके दोहे और कविताएं भी प्रसिद्ध है। उन्होंने शिक्षा और ज्ञान पर अधिक जोर दिया। गुरु रविदास जी ने समाज में समानता और एकता का संदेश फैलाया। उन्होंने कहा कि हम गुरु रविदास की जयंती पर उनके संदेशों को याद करते हैं और उनके जीवन को एक प्रेरणा के रूप में लेते हैं। हम उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करें और समाज में समानता और मानवता की सेवा के लिए काम करते रहे। उनका जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति और सादगी का महत्व सिखाती है। उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और भक्ति का संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। उनके दोहे भी प्रासंगिक है और मानवता को सही दिशा दिखाते है। मन चंगा तो कठौती में गंगा यानि यदि मन पवित्र और निर्मल है तो किसी भी स्थान पर किया गया कार्य पवित्र ही होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गुरू रविदास आदि संतों-महापुरूषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए हर वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए काम कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा संत महापुरूष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को संतों एवं महापुरूषों के जीवन से प्रेरित करना है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से आह्वान किया कि वे संत गुरू रविदास के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में एकता और भाईचारें के लिए काम करें। इस अवसर पर प्रधान बलबीर, मनमोहन सरपंच, बलविंद्र बाबा, मनजीत बाबा, जसविंद्र, राजपाल, हनीश सैनी, शिव कुमार, नीरज, राहुल सहित काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## गुरु रविदास की भक्ति में डूबे योग साधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ

भारतीय योग संस्थान, नारायणगढ़ द्वारा संतशिरोमणि गुरु रविदास जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष में बुधवार को सभी योग साधकों ने उनके भजनों पर योग किया। भक्तिरस से भरे इन भजनों से योग कक्षा का माहौल भक्तिमय हो गया। जय गुरु देव, गुरु रविदास मेरे मन बस गया, हे गुरु देव प्रणाम आपके चरणों में आदि भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भारतीय योग संस्थान के जॉन प्रधान संजय धीमान और केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा ने सभी को संत गुरु रविदास जी की जयंती की शुभकामनाएं दीं। संस्थान के प्रमुख सदस्य रेखा, मनोज वालिया, राजेश वर्मा और मा. संजय ने सभी को मिठाई खिलाकर जयंती की बधाई दी बता दें कि भारतीय योग संस्थान न केवल योग अभ्यास को बढ़ावा देता है, बल्कि भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों व तीज एवं त्योहारों को भी उत्साहपूर्वक मनाता है। जिससे समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे बढ़ता है। इस अवसर पर जॉन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि भारतीय योग संस्थान की निशुल्क योग कक्षाएं प्रतिदिन आहलूवालिया धर्मशाला में संचालित की जाती हैं। सुबह- 5:00 बजे से 6:00 बजे तक तथा शाम- 4:00 बजे से 5:00 बजे तक। उन्होंने नगरवासियों से आग्रह किया कि वे इन कक्षाओं में भाग लें।


नारायणगढ। संत रविदास महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित करते योग साधक।

## रुहानी वचनों से विश्व को दिया भाईचारे का संदेश

**अंबाला।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने अपने रुहानी वचनों से विश्व को भाईचारे और एकता बनाने का संदेश दिया। इतना ही नहीं उन्होंने समाज में फैले ऊंच नीच के भेदभाव को भी समाप्त करने का काम किया। आज जरूरत है हम उनके दिखाए हुए संदेशों पर चलकर समाज में भाईचारा और एकता बनाएं। संत गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर श्री गुरु रविदास मंदिर रविदास बस्ती व हीरा नगर,रामदास नगर में आयोजित कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी निर्मल सिंह ने उपरोक्त उदगार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास भारत के उन चुनिंदा महापुरुषों में से एक हैं जिन्होंने अपने रूहानी वचनों से सारे संसार को एकता और भाईचारे पर जोर दिया।

## गुरु रविदास की शिक्षाओं का पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शिरोमणी संत श्री गुरु रविदास महाराज का 648वां प्रकाशोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंबाला शहर में भी प्रकाशोत्सव के अवसर पर जगह जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने भी शिरोमणी संत श्री गुरु रविदास महाराज के मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका। इस दौरान असीम गोयल ने कहा कि गुरु साहिब के प्रगट उत्सव को भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर मुझे भी विभिन्न गुरु घरों पर जाकर माथा टेकने और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। असीम गोयल ने कहा कि यह बहुत बड़ा दिन है। सभी को गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का पालन करना चाहिए। जिससे समाज में समृद्धि आएगी । इस अवसर पर असीम गोयल ने संगत को आज के दिवस की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान पार्षद मोनिका मल,पार्षद सरदूल सिंह,सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा,संजीव गोयल, चरनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।


अंबाला। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल को सम्मानित करते लोग। फोटो :हरिभूमि

## छात्राओं ने दरियावाला में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने गांव दरियावाला में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया। इस सर्वेक्षण की अध्यक्षता हिंदू कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर और संचालन भूगोल विभाग इंचार्ज रंजना गर्ग एवं रजनी द्वारा की गई। बीए तृतीय वर्ष की 46 छात्राओं ने 250 घरों में जाकर लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों का व्यक्तिगत सर्वेक्षण किया। आर्थिक सर्वेक्षण किसी भी जगह का एकमात्र ऐसा दस्तावेज है, जो प्रत्यक्ष जानकारी देता है। सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण को घरेलू व्यय और आय के साथ-साथ आवास की स्थिति, व्यक्तिगत और घरेलू विशेषताओं और जीवन स्थितियों पर आंकड़ों के सबसे महत्वपूर्ण स्रोतों में से एक माना जाता है। दरियावाला गांव के सरपंच बलजीत ने अध्यापिकाओं व छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



जींद। बैठक को संबोधित करते राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

## बच्चों को स्थायी ज्ञान मिले : राजेश वशिष्ठ

**जींद।** निपुण मिशन के तहत कक्षा पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों को स्थाई व सटीक ज्ञान मिले इसके अंतर्गत शिक्षा विभाग की ओर से एफएलएन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो बच्चों को भय मुक्त वातावरण प्रदान करते हुए हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रमुखता प्रदान कर रहा है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने अपने कार्यालय मे बैठक का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य सभी प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों का अवलोकन करना है ताकि शिक्षकों व अभिभावकों को पता चल सके की अभी तक 23 सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने क्या सीख लिया है ओर अभी कितना अभ्यास करने की आवश्यकता है। कक्ष पहली से तीसरी के बच्चों का हिंदी व गणित का दो-दो सप्ताह का एक साथ अभ्यास पत्र तैयार करके खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी शिक्षकों को विद्यालय स्तर तक मेल व व्हाट्सअएप द्वारा अभ्यास पत्र भेजे जाएंगे । ब्लॉक कॉर्डिनेटर अमनदीप, प्रवीण, बलराज ने सराहनीय योगदान दिया। बैठक मेमांगेराम, रवींद्र, संतरो रानी, सारिका, नीति, नीतू मलिक, मंजीत, कर्मपाल, सतीश, राजेश, विजयपाल, सुदेश आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
बम्पर इनामी योजना-2025

नाम........................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी........................................
पता........................................तहसील ....................पिन....................
जिला .................... फोन नं. .................... एजेंट का नाम ....................

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |

नियम व शर्तें

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025** - 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ▶▶| **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ▶▶| योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ▶▶| **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ▶▶| फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे। ▶▶| राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ▶▶| हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ▶▶| यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ▶▶| वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ▶▶| हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ▶▶| किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ▶▶| चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ▶▶| हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ▶▶| प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ▶▶| पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ▶▶| किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ▶▶| अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ▶▶| ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ▶▶| विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ▶▶| प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ▶▶| सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

हरिभूमि कार्यालय , नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक, फोन : 9253681019-20, 9253681010, 9253681005
अम्बाला :- ओ.पी. गैस न्यूज एजेंसी, रेलवे रोड, अम्बाला सिटी, फोन नं. : 9034190285, पंचकुला :- जे. के. न्यूज एजेंसी, पंचकुला, सेक्टर-8 मार्केट, पंचकुला, फोन नं. : 9316130901, कुरूक्षेत्र :- वालिया न्यूज एजेंसी, सेक्टर-17, बूथ नं. 123, पुराना बस स्टैंड, कुरूक्षेत्र, फोन नं. : 9466028039, करनाल :- महेन्द्र न्यूज एजेंसी, नियर जोगी दास वाली कोठी, चौड़ा बाजार, करनाल, फोन नं. : 9416032621, शाहबाद :- गुप्ता न्यूज एजेंसी, बस स्टैंड, शाहबाद, फोन नं. : 7404523197, पानीपत :- कृष्ण चुघ न्यूज एजेंसी, लाल बत्ती चौक, पानीपत, फोन नं. 8295795397, यमुना नगर :- सचदेवा न्यूज एजेंसी, यमुना नगर, नियर बस स्टैंड, यमुना नगर, फोन नं.: 9896077026